नेशनल स्टार्टअप डे पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन

बुलंद आवाज

बीकानेर। सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग के 'आई स्टार्ट नेस्ट' के तत्वावधान में बीकानेर इनक्यूबेशन सेंटर में सोमवार को नेशनल स्टार्टअप डे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.अंबरीश कुमार विद्यार्थी रहे। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में स्टडीबेस टेक प्राइवेट लिमिटेड के फाउंडर अनुज आहूजा, बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय के सीएस विभाग के हेड ऑफ डिपार्टमेंट देवेंद्र तिवारी, चार्टर्ड अकाउंटेंट दिनेश शर्मा ने अपने विचारों से युवाओं का मार्गदर्शन किया। इस कार्यक्रम में कंपनी निर्माण, एप डेवलपमेंट एवं फंडरेजिंग के बारे में चर्चा की गई। इस अवसर पर सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अतिरिक्त निदेशक प्रवीण पाल सिंह, संयुक्त निदेशक सत्येंद्र सिंह राठौड़, उपनिदेशक गौरव भाटिया, उपनिदेशक सतीश, आई स्टार्ट के कंसलटेंट मेंटर जयवीर सिंह शेखावत एवं अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।